**बिहार सरकार**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

पत्रांक-प्र07-ज0वि0प्र0-57/2011 3769 /खाद्य, पटना/दिनांक-14.6.2012.

**महत्वपूर्ण**

**फैक्स/ई-मेल**

प्रेषक,

जयशंकर प्रसाद यादव,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

अपर जिला दण्डाधिकारी (आपूर्ति), पटना
विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, पटना अनुभाजन, पटना
सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी ।

विषय :- पी0डी0एस0 कम्प्यूटराईजेशन के अन्तर्गत जन वितरण प्रणाली दुकानों से सम्बन्धित डाटा-इन्ट्री के सम्बन्ध में ।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्रांक- 2808 दिनांक- 08.05.2012 का निदेश किया जाय । उक्त पत्र के माध्यम से मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में पी0डी0एस0 कम्प्यूटराईजेशन पर दिनांक- 13.04.2012 को आहूत बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में दिनांक- 31.05.2012 तक जन वितरण प्रणाली दुकानों से सम्बन्धित डाटा-इन्ट्री का कार्य निश्चित रूप से पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया था । विभागीय पत्रांक- 3243 दिनांक- 24.05.2012, 3461 दिनांक- 31.05.2012 एवं 3683 दिनांक- 11.06.2012 तथा दूरभाष के माध्यम से इस हेतु आपको बार-बार स्मारित भी किया गया है । उक्त कार्य हेतु निर्धारित समय-सीमा दिनांक- 31.05.2012 ही थी, परन्तु किसी भी जिले से उक्त कार्य के पूर्ण होने की सूचना प्राप्त नही है ।

आप अवगत हैं कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पी0डी0एस0 कम्प्यूटराईजेशन का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना है ।

दिनांक- 14.06.2012 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में पी0डी0एस0 कम्प्यूटराईजेशन की प्रगति की समीक्षा हेतु आहूत बैठक में जिलों द्वारा जन वितरण प्रणाली दुकानों से सम्बन्धित डाटा-इन्ट्री का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत पूर्ण नहीं होने पर मुख्य सचिव द्वारा गहरा क्षोभ व्यक्त किया गया एवं दिनांक-22.06.2012 तक हर हाल में इस कार्य को पूरा करने का निदेश दिया गया है ।

अतएव अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्धारित तिथि तक जन वितरण प्रणाली दुकानों से सम्बन्धित डाटा-इन्ट्री कार्य निश्चित रूप से पूर्ण कर लिया जाय एवं तत्संबंधी प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाय । उक्त तिथि तक जन वितरण प्रणाली दुकानों से सम्बन्धित डाटा-इन्ट्री कार्य पूर्ण नही करने वाले जिला आपूर्ति पदाधिकारियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी ।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ।**

विश्वासभाजन,

ह०/- 14/6/12

सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक- प्र07-ज0वि0प्र0-57/2011 3769 /खाद्य, पटना/दिनांक-14.6.2012.

प्रतिलिपि- सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह०/- 14/6/12

सरकार के संयुक्त सचिव ।

D:\Year-2012\Sec-7\PDS Communication.doc